# OFFICE OF THE CO-ORDINATOR PRE D.EL. ED. EXAM- 2024
## Vardhman Mahaveer Open University, Kota

## डी. एल. एड. पाठ्यक्रम की काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रियाहेतु दिशा निर्देश

1. प्री डी. एल. एड. परीक्षा 2024 का परिणाम दिनांक 17-07-2024 को अधिकृत वेबसाइट https://predeledraj2024.in/ पर जारी किया जा चुका है। परीक्षा में प्रविष्ट सभी अभ्यर्थियों को बिना किसी कट ऑफ के परिणाम जारी किया गया है। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता रखने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी इस परीक्षा में अपने प्राप्त अंकों के आधार पर पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) शुल्क 3000/- रूपए जमा करवा कर काउसलिंग में भाग ले सकता है | यह राशि प्रवेश के पश्चात पाठ्यक्रम शुल्क में समाहित की जाएगी|
2. प्री डी. एल. एड. परीक्षा सामान्य व संस्कृत के प्रत्येक अभ्यर्थी को एक यूनिक काउसलिंग आई डी परिणाम के साथ दे दी गई है। प्री डी.एल. एड. परीक्षा दोनों पाठ्यक्रमों में तथा अल्प भाषा हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थीयों हेतु दो काउंसलिंग आई डी जारी कर दी है। अभ्यर्थी फीस भरने के उपरांत दोनो काउंसलिंग आई डी में से सबंधित पाठ्यक्रम की काउंसलिंग आई डी का प्रयोग कर सबंधित अध्यापक शिक्षा संस्थान का विकल्प भर सकेंगे |

   उदाहरण के लिए :- किसी अभ्यर्थी ने प्री डी. एल. एड. के दोनो पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किया है तो उसे सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध काउंसलिंग आई डी का चयन कर सामान्य पाठ्यक्रम वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों के विकल्प भरने हैं एवं संस्कृत पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध काउंसलिंग आई डी का चयन कर संस्कृत पाठ्यक्रम वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों के विकल्प भरने हैं |

   इसी तरह किसी अभ्यर्थी ने प्री डी. एल. एड. परीक्षा में अल्पभाषा हेतु आवेदन किया हैं तो उसे सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध काउंसलिंग आई डी का चयन कर सामान्य पाठ्यक्रम वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों के विकल्प भरने हैं एवं अल्पभाषा पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध काउंसलिंग आई डी का चयन कर अल्पभाषा पाठ्यक्रम वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों के विकल्प भरने हैं |
3. अभ्यर्थी पाठ्यक्रम में अपने प्रवेश के अवसर को अधिक सुरक्षित करने की दृष्टि से अध्यापक शिक्षा संस्थानों के चयन हेतु दिए जाने वाले विकल्पों (Choice) में से अधिकतम विकल्प भरें। अभ्यर्थी सबंधित पाठ्यक्रम के सभी उपलब्ध अध्यापक शिक्षा संस्थानों का भी चयन कर सकता है | विकल्प प्रदान करने हेतु कोई सीमा निर्धारित नहीं है | अभ्यर्थियों को अध्यापक शिक्षा संस्थान चयन हेतु विकल्प भरने के लिए निर्धारित तिथि के बाद कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा |
4. अध्यापक शिक्षा संस्थान आवंटन की प्रक्रिया(काउंसलिंग) पूर्णतः ऑनलाइन है, काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व अभ्यर्थी प्री डी. एल. एड. परीक्षा 2024 के अपने मूल आवेदन-पत्र में दर्शाए गये केटेगरी (GEN, SC, ST, OBC, SBC, MBC, EWS etc.) तथा सब केटगरी (Divorcee/Widow/PH/Defense etc.) की जाँच कर ले तथा अपने पास मूल दस्तावेज उपलब्ध हो यह सुनिश्चित कर लें| जाति प्रमाण-पत्र वैध

एवं अवधि निर्धारित का होना चाहिए। अभ्यर्थी के पास अर्हता, कैटेगरी (अर्हता परीक्षा में GEN के लिए 50% व EWS/SC/ST/OBC/SBC/MBC/PH/Widow/Divorce के लिए 45% से उत्तीर्ण) से सम्बन्धित सम्पूर्ण दस्तावेज पूर्ण एवं सही है। इसमें किसी प्रकार की भिन्नता होने पर प्रवेश निरस्त माना जायेगा और इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित अभ्यर्थी की होगी।

5. अध्यापक शिक्षा संस्थानों के चयन हेतु प्री डी. एल. एड. परीक्षा 2024 की अधिकृत वेबसाईट पर स्थित अध्यापक शिक्षा संस्थानों की सूची के नाम, पता इत्यादि स्पष्ट कर लें एवं इन अध्यापक शिक्षा संस्थानों के बारें में सम्पूर्ण जानकारी अच्छी तरह प्राप्त कर लें तदुपरान्त ही काउंसलिंग हेतु अधिक से अधिक अध्यापक शिक्षा संस्थानों का चयन कर ही लॉक करना उचित रहेगा। All Rajasthan का चयन अति सावधानी से करे। अध्यापक शिक्षा संस्थान चॉइस लॉक करने में जल्दबाजी न करें एक बार लॉक होने पर पुनः अध्यापक शिक्षा संस्थान विकल्प का चयन नहीं होगा।
6. प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण रूपेण सम्पन्न होने के पश्चात प्रवेश में असफल (संस्था आवण्टन से वंचित) रहे अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क 3000/- रूपये में से 100/- रूपये काटते हुए 2900/- रूपये तथा संस्था आवण्टन के पश्चात नॉन रिपोर्टिंग अभ्यर्थियों के 500/- रूपये काटते हुए 2500/- रूपये वापस लौटाया जायेगा । पंजीकरण शुल्क की राशि पुनः प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्णहोने के उपरांत पोर्टल पर नियत अवधि में स्वयं/ माता/ पिता के बैंक खाते का सही विवरण अंकित करते हुए आवेदन करना होगा । रिफण्ड केवल उक्त के बैंक खातें में ही होंगे। अतः रजिस्ट्रेशन के समय बैंक विवरण यथा नाम, खाता संख्या, IFSC CODE इत्यादि पूर्ण सावधानी से भरें|ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थियों को राशि का पुनर्भरण नहीं किया जा सकेगा।
7. अभ्यर्थी को गलत तथ्यों यथा मिथ्या सूचनाओं को प्रविष्ट करने, अर्जित योग्यता/परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत बढ़ाकर अंकित करने तथा गलत कैटेगरी (संवर्ग) में अपने आप को पंजीकृत करने इत्यादि के आधार पर प्रवेश लेने का प्रयास किये जाने पर अभ्यर्थी को अपात्र घोषित कर दिया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क की राशि रूपये 3000/- जब्त कर ली जायेगी एवं उचित कार्यवाही की जाएगी|
8. अभ्यर्थी द्वारा चयन किए गये अध्यापक शिक्षा संस्थान में प्रवेश शुल्क 13555/- फीस जमा होने और अध्यापक शिक्षा संस्थान द्वारा सत्यापन होने के उपरान्त ही अपवर्ड मूवमेंट कर सकता है। अपवर्ड मूवमेंट के उपरान्त नया अध्यापक शिक्षा संस्थान आवंटित नहीं होने की स्थिति में पूर्व में आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान जिस पर अभ्यर्थी ने स्वयं उपस्थित होकर रिपोर्टिंग की थी, वही अध्यापक शिक्षा संस्थान आवंटित रहेगा और किसी भी स्थिति में फीस रिफण्ड नहीं होगी। अपवर्ड मूवमेंट होने पर नये आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान में रिपोर्टिंग करनी होगी। पुनः फीसभरने की आवश्यकता नहीं है।
9. डी. एल. एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये समय-समय पर राज्य सरकार, NCTE अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आदेश लागू होंगे।
10. अभ्यर्थी के दस्तावेजों के सत्यापन की पूर्ण जिम्मेदारी आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान की होगी।

11. जो अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अध्यापक शिक्षा संस्थान में रिपोर्टिंग नही करेंगे उनका प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जायेगा।

12. प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग द्वारा अध्यापक शिक्षा संस्थान चयन/आवंटन एवं अन्य प्रक्रियाओं का कार्यक्रम निम्न प्रकार होगा-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | काउंसलिंग पंजीयन एवं शुल्क3000/- ऑनलाइन (ई – मित्र / नेट बैंकिंग / डेबिट/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई द्वारा) भुगतान तिथि जमा करवा कर शिक्षा संस्थानों में ऑनलाइन सूची के अनुसार विकल्प भरने की तिथि \| | 20-07-2024 (शनिवार) से 30-07-2024 (मंगलवार) तक |
| 2. | प्रथम चरण अलोटमेंट सूची | 04-08-2024 (रविवार) |
| 3. | प्रथम चरण की अलोटमेंट के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों द्वारा शुल्क (13555/-) का ऑनलाइन (ई – मित्र / नेट बैंकिंग / डेबिट/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई द्वारा ) भुगतान तिथि | 04-08-2024 (रविवार) से 11-08-2024 (रविवार) तक |
| 4. | अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं उपस्थित होकर आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान में रिपोर्टिंग करना | 05-08-2024 (सोमवार) से 12-08-2024 (सोमवार) तक |
| 5. | शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रवेशार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश को अधिकृत पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापन करना | 05-08-2024 (सोमवार) से 12-08-2024 (सोमवार) तक |
| 6. | संस्था द्वारा प्रमाणीकरण उपरान्त अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं के लोगिन से प्रोविजनल प्रवेश स्लिप प्राप्त करना | 05-08-2024 (सोमवार) से 13-08-2024 (मंगलवार) तक |
| 7. | अपवर्ड मूवमेंट हेतु आवेदन करने की तिथि | 14-08-2024 (बुधवार) से 16-08-2024 (शुक्रवार) तक |
| 8. | अपवर्ड मूवमेंट उपरांत परिणाम की घोषणा | 19-08-2024 (सोमवार) |
| 9. | अपवर्ड मूवमेंट के पश्चात आवंटित संस्थान में रिपोर्टिंग की तिथि | 20-08-2024 (मंगलवार) से 22-08-2024 (गुरुवार) तक |
| 10. | संस्था द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर छात्राध्यापक के प्रवेश को अधिकृत पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापित करने की तिथि | 20-08-2024 (मंगलवार) से 23-08-2024 (शुक्रवार) तक |
| 11. | संस्थान द्वारा प्रवेशित छात्राध्यापको के आमुखीकरण की तिथि | 21-08-2024 (बुधवार) |
| 12. | संस्थानों द्वारा कक्षाओं का आरम्भ | 22-08-2024 से (गुरुवार) |

समन्वयक

प्री डी. एल. एड. परीक्षा 2024